# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २ बीएसएफ इंदौर
# PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO 2 B.S.F. INDORE

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

स्थापना :1986
पता: गांधीनगर रोड
बिजासन टेकरी, इंदौर ४५२००५
जिला: इंदौर
दूरभाष :०७३१-२६२०४४७

Est:1986
Address: Gandhi Nagar Road
Bijasan Tekri, Indore 452005
District: Indore
Tel:0731-2620447

Website:www.no2indore.kvs.ac.in, Email:kv2indore@yahoo.co.in, ppl.indoreno2bsf@kvs.gov.in

CBSE SCHOOL NO:54093 UDISE NO : 23260517617 CBSE AFFILIATION NO :1000032


F.120226/KV2IND/2025-26/ Dated : 24.04.2025

## नीलामी सूचना

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 बीएसएफ इंदौर के फर्नीचर विभाग की अनूपयोगी वस्तुओं का निस्तारण सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से आयोजित होना है अतः विद्यालय की समिति के निर्णय अनुसार उक्त वस्तुओ की नीलामी दिनांक 30 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय परिसर में किया जाएगा। सभी इच्छुक व्यक्तियों / पार्टियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि, समय और स्थान पर बोली लगाने के लिए एकत्रित हो जाए. सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच वस्तुओं की स्थिति का निरीक्षण किया जा सकता है. प्रत्येक लेख के लिए सबसे कम बोली राशि प्राचार्य द्वारा तय की जाएगी एवं उच्चतम बोली स्वीकार की जाएगी. सामग्री उच्चतम बोली लगाने वाले को "जहां है जैसी है" के आधार पर दी जाएगी. उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को बोली पूरी होने के बाद उसी दिन विद्यालय में पूरी राशि जमा करनी होगी।

**नियम एवं शर्तें**

1. बोली लगाने वाले को नीलामी के समय घोषित किए जाने वाले नियमों का पालन करना होगा।
2. नीलामी से पहले फर्म / व्यक्ति को उनके दस्तावेज जमा करना होंगे।
3. आरक्षित मूल्य नीलामी के समय ही प्रकट किया जायेगा।
4. प्रत्येक बोलीदाता को रुपए 100 नीलामी में भाग लेने से पहले EMD के रूप में जमा करने होंगे।
5. यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो उनकी EMD जप्त कर ली जाएगी. आइटम अगले उच्च बोलीदाता को बेच दिए जाएंगे।
6. उच्चतम बोलीदाता को नीलामी राशि का भुगतान बैंक के इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन अथवा चेक के माध्यम से ही करना होगा।
7. सामग्री को उसी दिन (30.04.2025 को) स्वयं के श्रमिको एवं वाहन का प्रयोग कर हटाना होगा अन्यथा अर्थ दंड लगाया जाएगा।
8. नीलाम की गई वस्तुओं को पर्यावरण हितैषी तरीके से निपटान करने का वचनबंध उच्चतम बोली लगाने वाले को देना होगा।
9. बोलीदाता को अपने आधार कार्ड और बैंक अकाउंट की प्रति जमा करवाना होगी ।

प्राचार्य
24.4.2025

प्राचार्य / PRINCIPAL
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रं.2,बीएसएफ
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO.2 BSF
इन्दौर / INDORE

**वितरण**

1. अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति
2. उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल
3. समस्त केंद्रीय विद्यालय भोपाल संभाग
4. विद्यालय नोटिस बोर्ड विद्यालय वेबसाइट
5. सुश्री नेहा मिश्रा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, फर्नीचर विभाग प्रभारी